दिनांक 7 जुलाई 2022स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# तंग गलियों का आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया निरीक्षण, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं पर विशेष फोकस, सभी जोन आयुक्तों को मॉर्निंग विजिट करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज अल सुबह 7:00 बजे निगम के कैंप क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान नाली सफाई देखी , कई जगहों पर सड़क के किनारे पड़े कचरे को सफाई करने के निर्देश दिए , रोड स्वीपिंग के कार्यों को उन्होंने देखा। वहीं उन्होंने रहवासियों से पब्लिक फीडबैक भी लिया। कैंप क्षेत्र के नेहरू चौक से लेकर जलेबी चौक तक तथा जलेबी चौक से वापस आकर गलियों से होते हुए सुभाष चौक पहुंचे। इस दौरान आसपास की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। कुछ जगहों पर उन्हें सड़क के किनारे कचरे दिखाई दिए, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सड़क किनारे से कचरे को हटाने के निर्देश दिए , उन्होंने कहा कि रूटिंग सफाई के दौरान सड़कों के किनारे से विशेष सफाई होनी चाहिए। सुभाष चौक से होते हुए रामनगर मुक्तिधाम के समीप तालाब में पहुंचे। यहां तालाब के किनारे कचरा होने पर उन्होंने कहा कि तालाब के किनारों से संपूर्ण कचरे को हटाकर सफाई करावे। अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में कोई भी डंपिंग साइट नहीं है। इस पर आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि एसएलआरएम सेंटर का प्रपोजल इस क्षेत्र के लिए तैयार करें ताकि घरों से निकलने वाले कचरे का निपटान वही ऑन द स्पॉट किया जा सके। तालाब के किनारे एवं समीप समस्त कचरे को हटाकर विशेष सफाई के निर्देश आयुक्त ने दिए। आयुक्त ने सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय लोगों की दैनिक क्रिया से जुड़ी हुई है। रोजाना कई लोग शौचालय का उपयोग करते हैं इसलिए इसकी सफाई एवं शौचालय में आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त रखें। केयर टेकर से उन्होंने उपस्थिति एवं आने जाने वाले लोगों की जानकारी ली। वही शौचालय के आवश्यक संधारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। रामनगर तालाब का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कुछ जगहों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए वह नाली से अतिक्रमण हटाकर नाली सफाई करने कहा। प्रातः निरीक्षण के दौरान सभी जोन आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि सुबह सभी जोन आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों का सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए निरीक्षण करें। आज निगमायुक्त के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , उप अभियंता कृष्णा जंघेल, पूर्व एमआईसी मेंबर जोन सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परगनिहा, स्वच्छता विभाग से वीरेंद्र बंजारे आदि मौजूद रहे।